3. भारत-श्रीलंका मुक्त व्यापार करार (आईएसएलएफटीए) और दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र करार (साफ्टा) के तहत अधिमान्य पहुंच का लाभ उठाकर अन्य देशों से काली मिर्च के अनुचित आयात को रोकने के लिए, श्रीलंकाई प्राधिकारियों से अनुरोध किया गया था कि वे उद्गम प्रमाण पत्र जारी करने में पूरी सावधानी एवं विवेक का प्रयोग करें। हमारे अनुरोध पर, श्रीलंका ने भारत को भेजे जाने वाले तीसरे देश के काली मिर्च के पोत लदान के लिए उद्गम प्रमाणपत्र का दुरूपयोग रोकने के लिए एक नई प्रक्रिया शुरू की है। इन उद्गम प्रमाणपत्रों को जारी करते समय, श्रीलंका में संगत प्राधिकारी निर्यात की यथार्थता का सुनिश्चय करने के लिए, श्रीलंका में विभिन्न स्रोतों से प्राप्त काली मिर्च के निर्यात से संबंधित सूचना का क्रास सत्यापन भी कर रहे हैं। श्रीलंका ने एक तंत्र भी बनाया है जिसके तहत भारतीय प्राधिकारियों को आईएसएफएलटीए और साफ्टा के तहत काली मिर्च के निर्यात के लिए उद्गम प्रमाण पत्रों की स्कैन की गई प्रतियों की जांच करने की सुविधा प्रदान की गई है।

4. श्रीलंका ने इण्ट्रीपोर्ट व्यापार और वाणिज्यिक हब प्रचालनों से होकर काली मिर्च और सुपारी सहित मसालों के आयात को अस्थायी रूप से आस्थगित कर दिया है ताकि इन मसालों को श्रीलंका के उत्पाद के रूप में श्रीलंका से भारत को पुनर्पोतलदान से रोका जा सके।

5. श्रीलंका ने उद्गम प्रमाणपत्र जारी करने के लिए श्रीलंका में मौजूदा प्रक्रियाओं तथा आईएसएफटीए और साफ्टा के तहत श्रीलंका द्वारा निर्यातित काली मिर्च के पोत लदानों के लिए जारी प्रमाणपत्रों की प्रामाणिकता का सत्यापन करने के लिए श्रीलंका द्वारा स्थापित नए तंत्र की जांच करने के लिए एक तकनीकी टीम का दौरा सुकर बनाने पर सहमति जताई है।

6. भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) और सीमाशुल्क की प्रक्षेत्र संरचनाओं के प्राधिकृत अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि वे बंदरगाहों पर प्रवेश स्थलों पर सतर्कता बरतें जिससे विभिन्न देशों से निम्न गुणवत्ता की काली मिर्च के प्रवेश की संभावना का निराकरण किया जा सके।

****

भारत सरकार **लोक सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 1945**

दिनांक 3 जुलाई, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए

व्यापार मेला परिसर

1945. श्री कृपानाथ मल्लाहः

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार देश के विभिन्न राज्यों विशेषकर असम में नए व्यापार मेला परिसरों की स्थापना करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इन प्रस्तावित परिसरों को कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग) : विभाग पात्र एजेंसियों से प्रस्ताव प्राप्त होने पर 'निर्यात व्यापार अवसंरचना स्कीम (टीआईईएस) के तहत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संवर्धन केंद्रों सहित निर्यात अवसंरचना स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

विभाग ने 'निर्यात व्यापार अवसंरचना स्कीम (टीआईईएस)' के तहत तीन व्यापार संवर्धन केंद्रों के लिए वित्तीय सहायता अनुमोदित की है। इन परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है: -

क्र.सं.	परियोजना का नाम	कार्यान्वयन एजेंसी	कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा इंगित की गयी समय सारणी
1	'इम्फाल, मणिपुर में व्यापार सह स्थायी प्रदर्शनी केंद्र के मुख्य प्रदर्शनी भवन (चरण-II) की स्थापना	मणिपुर औद्योगिक विकास निगम (एमएएनआईडीसीओ), मणिपुर सरकार	प्रारंभ होने की तिथि से 24 महीने
2	'चेन्नई व्यापार केंद्र का विस्तार ', तमिलनाडु	तमिलनाडु व्यापार संवर्धन संगठन	परियोजना कार्यान्वयन के प्रारंभिक चरण में है।
3	'मिंटो हॉल,भोपाल,मध्य प्रदेश में व्यापार संवर्धन केंद्र की स्थापना	मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम	पूरा हो गया है ।

टीआईईएस स्कीम के तहत असम में नए व्यापार मेला परिसर के लिये वित्तीय सहायता की मांग करने वाला कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है ।

*****

भारत सरकार **लोक सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 1898**

दिनांक 3 जुलाई, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए

कृषि क्षेत्र का आयात और निर्यात

1898. श्रीमती भावना गवली (पाटील):
श्री कृपाल बालाजी तुमानेः
क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान खाद्यान्नों और अन्य कृषि उत्पादों के निर्धारित लक्ष्यों की तुलना में निर्यातित और आयातित वस्तुओं की मात्रा और मूल्य का देश–वार ब्यौरा क्या है;
(ख) देश के कुल निर्यात में कृषि क्षेत्र की कितनी हिस्सेदारी है तथा इसमें राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों की कितनी हिस्सेदारी है;
(ग) क्या वर्ष 2016–17 के दौरान चाय, मसालों और तम्बाकू सहित छह मुख्य कृषि उत्पादों के निर्यात में नकारात्मक वृद्धि हुई है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;
(घ) क्या सरकार ने देश में कृषि और बागवानी क्षेत्र का इस निर्यात पर किसी दीर्घकालीन प्रभाव का आकलन किया है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या परिणाम रहे हैं; और
(ङ) सरकार द्वारा प्राकृतिक बाजार में भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धी में सुधार करने के लिए, उक्त उत्पादों के निर्यात में वृद्धि करने के लिए और उत्पादों के मूल्य और उनकी किस्मों के संदर्भ में घरेलू मांग/कीमत प्रभावित किए बिना कृषि उत्पादों हेतु दीर्घकालीन आयात–निर्यात नीति बनाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

(श्री पीयूष गोयल)

(क) पिछले तीन वर्षों एवं वर्तमान वर्ष के दौरान निर्यात एवं आयात किए गए खाद्यान्नों एवं अन्य कृषि उत्पादों की मात्रा और मूल्य का ब्यौरा क्रमश: अनुबंध- I और अनुबंध- II पर दिया गया है। पिछले तीन वर्षों के दौरान देश-वार (शीर्ष 10 देश) ब्यौरा अनुबंध- III में है । चूंकि कृषि उत्पादों का आयात और निर्यात कई तथ्यों जैसे अंतर्राष्ट्रीय एवं घरेलू मांग एवं आपूर्ति स्थिति, अंतर्राष्ट्रीय एवं बाजार मूल्य, गुणवत्ता मुद्दे, खाद्य सुरक्षा संबंधी चुनौतियों इत्यादि पर निर्भर है, इसलिए आयात अथवा निर्यात के कोई लक्ष्य निश्चत नहीं किए जाते हैं ।

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान देश के कुल निर्यातों में कृषि क्षेत्र का हिस्सा नीचे दिया गया है ।

वर्ष	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**
कुल निर्यात में कृषि क्षेत्र का हिस्सा	12.07%	12.66%	11.76 %

स्रोत: डीजीसीआईएण्डएस

वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएण्डएस) द्वारा राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा प्रकाशित नहीं किया गया है ।

(ग) पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2016-17 में कृषि उत्पादों का समग्र निर्यात 2.64% तक बढ़ा । चाय, मसालों एवं विनिर्मित तंबाकू का निर्यात क्रमशः 1.56%, 12.22% और 2.41% बढ़ा जबकि अनिर्मित तंबाकू का निर्यात 4.65% तक घट गया । कुछ अन्य प्रमुख उत्पाद जिनके निर्यातों में कमी आई वे थे भैंस का मांस (-4.07%), बासमती चावल (-7.75%) और कपास (-16.38%) । इस कमी के

कई कारण हैं अर्थात अंतरराष्ट्रीय बाजार में कम मूल्य और मांग, प्रतिकूल मुद्रा संचलन, अंतरराष्ट्रीय गतिविधियां जैसे ईरान और रूस के विरूद्ध प्रतिबंध इत्यादि ।

(घ) वाणिज्य विभाग द्वारा कृषि और बागवानी क्षेत्र के निर्यात के दीर्घावधि प्रभावों को आंकने के लिए कोई अध्ययन नहीं किया गया है। तथापि यह अपेक्षा की जाती है कि निर्यात न केवल उत्पादकों को बेहतर बाजार के अवसर उपलब्ध कराते है बल्कि उनकी आय को बढ़ाने में भी मदद करते है ।

(ड.) कृषि निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए, सरकार ने निम्नलिखित विजन से एक व्यापक कृषि निर्यात नीति आरंभ की है: -

"उपयुक्त नीतिगत प्रस्तावों द्वारा भारतीय कृषि की निर्यात संभावना को बढ़ाना जिससे भारत कृषि में वैश्विक शक्ति बन सके और किसानों की आय में बढ़ोतरी हो ।"

अन्य बातों के साथ - साथ, कृषि निर्यात नीति के उद्देश्य निम्नानुसार हैं:

(i) हमारे निर्यात बास्केट एवं गंतव्यों में विविधता लाना और शीघ्र खराब होने वाली वस्तुओं सहित उच्च मूल्य एवं मूल्य वर्धित कृषि निर्यात को बढ़ावा देना ।
(ii) अप्रतिम, स्वदेशी, जैविक, संजातीय, परम्परागत एवं गैर-परम्परागत उत्पादों के निर्यात का संवर्धन करना ।
(iii) बाजार पहुंच प्राप्त करने, अवरोधों से निपटने और स्वच्छता एवं पादप स्वच्छता मुद्दों को देखने के लिए सांस्थानिक तंत्र उपलब्ध कराना ।
(iv) वैश्विक मूल्य श्रृंखला के साथ समेकन करके विश्व कृषि निर्यात में भारत की हिस्सेदारी को दो गुना करने का प्रयास करना ।
(v) किसानों को विदेशी बाजार में निर्यात के अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनाना ।

सरकार केन्द्रीय क्षेत्र की एक नई स्कीम विशिष्ट कृषि उत्पादों के लिए परिवहन एवं विपणन सहायता लाई है, जिसका उद्देश्य कृषि उत्पादों के निर्यात के लिए मालभाड़ा क्षति को कम करना और कृषि उत्पादों के विपणन के लिए माल भाड़े के अंतर्राष्ट्रीय घटक हेतु सहायता उपलबध कराना है ।

वाणिज्य विभाग में कृषि उत्पादों के निर्यात सहित निर्यात सवंर्धन के लिए कई स्कीमें है अर्थात निर्यात व्यापार अवसंरचना स्कीम (टीआईईएस), बाजार पहुँच पहल (एमएआई) स्कीम, भारत पण्यवस्तु निर्यात स्कीम (एमईआईएस) इत्यदि । इसके अतिरिक्त, कृषि उत्पादों के निर्यातकों को कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्रधिकरण (एपीडा), समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एम्पीडा), तम्बाकू बोर्ड, चाय बोर्ड, काफी बोर्ड, रबड़ बोर्ड तथा मसाला बोर्ड की निर्यात् संवर्धन स्कीमों के तहत भी सहायता उपलब्ध है ।

कृषि उत्पादों का निर्यात

मात्रा: हजार इकाइयों में; मूल्य: मिलियन अमरीकी डालर

		2016-17		2017-18		2018-19		2019-20 (अप्रैल-मई)	
विवरण	**यूनिट**	**मात्रा**	**मूल्य**	**मात्रा**	**मूल्य**	**मात्रा**	**मूल्य**	**मात्रा**	**मूल्य**
मादक पेय	एल टीआर	2,32,179.33	298.90	2,41,013.37	326.67	2,31,601.93	300.91	24,470.87	38.17
पशु केसिंग	कि.ग्रा.	173.24	2.06	12,424.66	50.68	14,882.83	68.27	1,860.28	9.18
भैंस का मांस	टन	1,323.58	3,903.49	1,350.25	4,037.11	1,233.38	3,587.15	196.12	553.36
काजू	टन	91.79	786.93	90.06	922.41	78.22	654.43	10.73	84.50
काजू खोल तरल	कि.ग्रा.	11,404.76	6.56	8,325.16	5.06	5,300.66	3.87	651.15	0.47
अरंड़ी का तेल	कि.ग्रा.	5,99,195.56	674.73	6,97,092.50	1,043.99	6,19,376.57	883.78	1,08,029.60	180.07
कदन्न	टन	339.95	531.70	353.35	552.61	347.77	551.74	54.30	87.27
कोको उत्पाद	कि.ग्रा.	25,649.50	162.18	29,579.53	177.47	27,603.73	192.69	4,617.91	30.16
कॉफ़ी	कि.ग्रा.	2,88,613.37	842.84	3,17,828.97	968.57	2,82,889.02	822.34	56,749.99	149.54
कॉटन रॉ जिसमें अपशिष्ट शामिल है ।	टन	996.09	1,621.11	1,101.47	1,894.25	1,143.07	2,104.41	66.99	118.70
दुग्ध उत्पाद	कि.ग्रा.	90,352.31	253.73	1,02,262.55	303.05	1,80,698.38	481.55	26,150.46	71.90
फ्लोरिकल्चर उत्पाद	कि.ग्रा.	22,020.33	81.55	20,703.51	78.73	19,726.56	81.78	2,983.68	13.45
ताजा फल	टन	817.06	743.23	714.00	761.79	754.75	794.04	155.35	154.15
ताजा सब्जियाँ	टन	3,404.07	863.12	2,448.02	821.76	2,933.37	810.44	449.73	119.96
फल / सब्जी के बीज	कि.ग्रा.	11,288.62	78.16	14,465.77	104.04	17,419.48	124.92	2,534.57	30.91
मूंगफली	टन	725.71	809.60	504.04	524.82	489.19	472.74	85.97	92.05
ग्वारगम खाद्य	टन	419.95	463.35	494.13	646.94	513.22	674.88	91.96	117.43
समुद्री उत्पाद	कि.ग्रा.	11,85,272.87	5,903.06	14,32,456.67	7,389.22	14,36,680.63	6,802.24	2,24,351.96	996.97
मिल्ड उत्पाद	कि.ग्रा.	2,55,803.65	121.37	2,70,396.97	136.01	3,07,367.50	151.46	46,225.21	23.13
विविध संसाधित वस्तुएं		-	455.59	-	550.55	-	658.35	-	106.10
सीरा	टन	390.67	47.06	123.97	15.06	841.16	83.76	113.25	11.53
प्राकृतिक रबड़	टन	24.46	37.65	7.70	13.89	6.66	11.02	1.13	1.90
नाइजर बीज	कि.ग्रा.	14,070.46	17.46	9,215.04	10.84	13,370.58	13.64	2,001.16	2.33
तिलहन	टन	2,632.26	805.45	3,570.78	1,093.16	4,486.14	1,511.52	483.70	145.05
अन्य अनाज	टन	734.77	212.30	864.24	248.59	1,277.00	349.06	89.28	36.15
अन्य मांस	टन	0.01	0.03	0.45	1.09	0.85	1.96	0.35	0.76
अन्य तिल	टन	193.27	126.00	295.10	174.79	213.83	131.57	18.88	13.27
कुक्कुट उत्पाद		-	79.11	-	85.70	-	98.17	-	14.23
प्रसंस्कृत फल एंड जूस	कि.ग्रा.	5,33,152.10	584.79	5,73,281.42	646.92	5,92,174.58	639.65	89,406.13	95.12
संसाधित मांस	टन	0.14	0.69	0.27	1.54	0.41	2.00	0.16	0.90
संसाधित सब्जियां	कि.ग्रा.	1,92,855.77	263.57	2,12,203.36	282.87	2,28,872.64	293.95	38,164.28	48.93
दलहन	टन	136.72	191.05	179.60	227.75	285.83	259.34	28.96	26.43
चावल -बसमती	टन	3,985.21	3,208.60	4,056.85	4,169.56	4,414.61	4,712.44	864.03	932.20
चावल (बासमती) के अलवा	टन	6,770.83	2,525.19	8,818.53	3,636.60	7,599.75	3,040.22	711.84	293.82
तिल के बीज	कि.ग्रा.	3,07,328.55	402.17	3,36,850.37	463.90	3,11,987.34	538.94	41,637.11	84.06
भेड़ / बकरी का मांस	टन	22.01	129.69	22.80	130.90	21.67	124.65	3.62	22.98
चपड़ा	कि.ग्रा.	6,065.00	33.60	6,530.85	44.22	6,996.04	43.70	1,039.16	6.24
मसाले	कि.ग्रा.	10,14,453.31	2,851.95	10,96,322.85	3,115.37	10,91,789.68	3,322.56	2,09,119.92	586.77
चीनी	टन	2,544.01	1,290.71	1,757.93	810.90	3,987.96	1,359.75	1,189.20	382.87
चाय	कि.ग्रा.	2,43,429.62	731.26	2,72,894.98	837.36	2,70,300.12	830.90	39,617.55	132.90
तम्बाकू निर्मित		-	324.31	-	340.37	-	410.96	-	59.46
तंबाकू अनिर्मित	कि.ग्रा.	2,04,447.42	634.38	1,85,363.88	593.88	1,89,538.70	570.28	32,419.79	102.26
वनस्पति तेल	टन	60.47	116.29	37.06	87.83	49.95	106.79	8.51	19.79
गेहूँ	टन	265.61	66.85	322.79	96.72	226.23	60.31	16.90	4.42
कुल			**33,283.41**		**38,425.52**		**38, 739.10**		**6,001.81**

स्रोत: डीजीसीआईएण्डएस

अनुबंध- II

कृषि वस्तुओं का आयात

मात्रा: हजार इकाइयों में; मूल्य: मिलियन अमरीकी डालर

		2016-17		2017-18		2018-19		**2019-20 (अप्रैल-मई)**	
विवरण	**यूनिट**	**मात्रा**	**मूल्य**	**मात्रा**	**मूल्य**	**मात्रा**	**मूल्य**	**मात्रा**	**मूल्य**
मादक पेय	एल टीआर	4,52,717.72	535.56	5,63,769.85	601.22	5,87,940.57	667.60	1,10,410.99	122.48
काजू	टन	774.51	1,346.58	654.02	1,418.63	839.64	1,607.54	137.03	199.80
काजू खोल तरल	कि.ग्रा.	1,687.77	0.55	2,092.36	0.88	6,611.49	3.02	4,150.78	1.47
अरंडी का तेल	कि.ग्रा.	107.21	0.22	38.37	0.40	223.82	0.76	48.05	0.25
कदन्न विनिर्मितयां	टन	66.46	86.33	71.10	102.35	90.24	137.86	12.24	16.49
कोको उत्पाद	कि.ग्रा.	63,611.90	229.67	71,257.55	228.51	87,593.24	263.14	14,433.88	42.37
कॉफ़ी	कि.ग्रा.	78,041.34	138.20	77,217.05	154.73	82,772.39	137.67	12,833.96	20.16
कॉटन रॉ जिसमें अपशिष्ट शामिल है ।	टन	499.62	946.88	469.13	979.32	298.98	632.98	76.26	155.72
दुग्ध उत्पाद	कि.ग्रा.	16,906.34	38.02	23,393.63	48.51	13,643.20	36.43	1,573.81	4.71
फ्लोरिकल्चर उत्पाद	कि.ग्रा.	5,568.39	19.96	6,241.10	21.16	6,374.48	24.97	1,974.59	12.27
ताजा फल	टन	1,057.51	1,682.88	994.70	1,942.92	1,124.18	1,987.58	230.80	359.88
ताजा सब्जियाँ	टन	8.55	1.66	15.66	3.98	14.75	3.40	0.10	0.38
फल / सब्जी के बीज	कि.ग्रा.	14,073.87	97.42	16,051.46	119.19	19,725.77	119.77	2,116.14	22.26
मूंगफली	टन	0.33	0.21	1.72	2.02	1.09	1.16	0.17	0.18
ग्वारगम खाद्य	टन	0.18	0.36	0.43	0.51	0.72	0.84	0.40	0.26
समुद्री उत्पाद	कि.ग्रा.	52,015.03	94.37	44,713.34	123.06	56,933.36	155.70	10,170.18	32.35
मिल्ड उत्पाद	कि.ग्रा.	3,555.95	2.42	3,275.70	2.02	4,184.83	2.23	769.02	0.42
विविध संसाधित वस्तुएं		-	315.61	-	349.00	-	366.23	-	68.75
सीरा	टन	13.84	1.35	72.85	10.76	4.47	0.20	8.30	0.33
प्राकृतिक रबड़	टन	426.19	652.57	469.76	829.15	582.35	873.26	66.65	99.03
नाइजर बीज	कि.ग्रा.	10,656.00	12.38	5,332.80	4.49	8,664.88	5.80	1,557.25	1.11
तेल भोजन	टन	550.43	145.30	485.96	115.83	504.00	125.26	103.37	24.17
अन्य अनाज	टन	311.37	73.30	265.13	67.27	244.32	67.92	66.34	14.80
अन्य मांस	टन	0.59	2.84	0.78	4.31	0.88	4.39	0.16	0.75
अन्य तेल के बीज	टन	116.64	58.55	127.35	56.47	220.48	108.60	59.94	29.72
कुक्कुट उत्पाद		-	4.41	-	4.17	-	6.01	-	0.90
प्रसंस्कृत फल एवं जूस	कि.ग्रा.	42,993.07	81.73	53,585.04	124.78	59,120.53	129.68	12,198.75	20.60
संसाधित मांस	टन	0.13	0.67	0.10	0.50	0.12	0.59	0.02	0.10
संसाधित सब्जियां	कि.ग्रा.	13,323.28	17.16	15,335.42	20.92	18,093.79	23.18	4,762.93	5.62
दलहन	टन	6,609.49	4,244.13	5,607.53	2,908.33	2,527.88	1,140.76	418.94	176.66
चावल (बासमती) के अलावा	टन	1.14	1.08	2.12	1.89	6.87	4.56	0.77	0.71
तिल के बीज	कि.ग्रा.	69,028.83	65.88	26,269.59	27.40	87,538.04	124.23	44,687.80	64.22
भेड़ / बकरी का मांस	टन	0.13	1.27	0.22	2.07	0.12	1.55	0.04	0.45
चपड़ा	कि.ग्रा.	459.61	2.01	466.92	2.85	640.96	2.75	186.95	0.73
मसाले	कि.ग्रा.	2,42,293.68	858.95	2,22,325.65	990.70	2,39,901.34	1,132.39	28,433.91	196.37
चीनी	टन	2,146.15	1,021.81	2,402.98	936.52	1,490.61	449.02	77.43	26.22
चाय	कि.ग्रा.	24,893.01	50.45	24,938.77	55.39	28,719.38	59.41	2,859.75	11.23
तम्बाकू निर्मित		-	34.07	-	28.85	-	36.76	-	4.48
तंबाकू अनिर्मित	कि.ग्रा.	1,969.03	11.47	1,542.20	10.78	2,595.83	14.48	141.72	0.41
वनस्पति तेल	टन	14,007.39	10,892.75	15,361.02	11,637.48	15,019.30	9,890.32	2,489.63	1,540.35
गेहूँ	टन	5,749.43	1,268.64	1,649.73	364.50	2.75	0.77	0.50	0.19
कुल			**25,039.64**		**24,303.84**		**20, 350.76**		**3,279.35**

स्रोत: डीजीसीआईएण्डएस

अनुबंध- III

कृषि वस्तुओं के निर्यात और आयात का देश-वार विवरण (शीर्ष 10 देश)

क. निर्यात

	निर्यात मिलियन अम.डा. में		
देश	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**
अमेरिका	3,648.58	4,643.83	4,581.16
वियतनाम गणतंत्र	4,327.88	5,280.10	3,703.01
ईरान	880.48	1,321.15	2,283.41
चीन पी आरपी	1,052.35	1,175.65	2,256.53
संयुक्त अरब अमीरात	2,127.87	2,182.97	1,907.86
बंगलादेश पीआर	1,378.91	2,241.42	1,833.88
सऊदी अरब	1,457.03	1,579.74	1,623.78
मलेशिया	878.56	910.73	951.67
इंडोनेशिया	733.94	652.87	948.83
नेपाल	837.04	874.83	913.34
अन्य देश	15,960.78	17,562.24	17,735.64
कुल कृषि निर्यात	**33,283.41**	**38,425.52**	**38,739.10**

ख आयात

	आयात मिलियन अम.डा.में		
आयात का देश	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**
इंडोनेशिया	4,808.58	5,745.44	4,067.45
यूक्रेन	2,170.27	2,073.38	1,966.64
अर्जेंटीना	2,353.63	2,120.33	1,785.71
अमेरिका	1,455.69	1,833.87	1,659.40
मलेशिया	1,987.68	1,643.43	1,643.35
ब्राज़ील	1,454.45	1,382.66	950.04
सिंगापुर	55.43	57.95	638.18
संयुक्त अरब अमीरात	362.53	362.53	636.20
वियतनाम गणतंत्र	382.88	419.10	470.48
कोटा डि आईवर	393.03	353.82	434.42
अन्य देश	9,615.50	8,311.34	6,098.89
कृषि उत्पादों का कुल आयात	**25,039.64**	**24,303.84**	**20,350.76**

भारत सरकार **लोक सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 1889**

<u>दिनांक 3 जुलाई, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए</u>

निर्यात से राजस्व वसूली नहीं होने के खतरे

1889. श्री निशिकांत दुबेः

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने निर्यात से राजस्व वसूली नहीं होने के खतरे के विरुद्ध निर्यातकों के हितों की रक्षा के लिए कोई तंत्र लागू किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार का उक्त प्रयोजनार्थ किसी वित्तीय आबंटन का विचार है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

(श्री पीयूष गोयल)

(क) जी हॉ । 'ईसीजीसी ' लिमिटेड वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के नियंत्रणाधीन केन्द्र सरकार का एक उपक्रम है जो निर्यात से राजस्व वसूली न होने के खतरे के विपरीत लागत - प्रभावी बीमा एवं व्यापार से संबद्ध सेवाएं उपलब्ध करा कर भारतीय निर्यातकों एवं बैंकरों को सहायता उपलब्ध कराता है ।

इसके साथ ही, सरकार ने विदेशों एवं संबंधित क्रेता / बैंक के राजनैतिक एवं वाणिज्यिक जोखिमों से दीर्घ एवं मध्यम अवधि के निर्यातकों को सुरक्षित करने के लिए पर्याप्त ऋण बीमा कवर उपलब्ध कराने हेतु ईसीजीसी द्वारा संचालित राष्ट्रीय निर्यात बीमा एकाउंट (एनईआईए) स्थापित किया है । एनईआईए ट्रस्ट क्रेताओं के क्रेडिट लेनदेन के लिए बैंको को भी कवर उपलब्ध कराता है जिससे विदेशी क्रेताओं को भारत को किए गए निर्यातों के लिए अदायगी की सुविधा मिलती है ।

(ख) ईसीजीसी निम्नलिखित सेवाएं देता है :

I. लघु - अवधि आधार पर राजनैतिक और / या वाणिज्यिक जोखिम के कारण विदेशी खरीददारों द्वारा निर्यात बकायों की गैर - अदायगी के कारण हुई हानि से निर्यातकों को सुरक्षित रखने के लिए ऋण बीमा स्कीमें (लोकप्रिय रूप से नीतियों के रूप में ज्ञात)

II. लघु - अवधि आधार पर निर्यातकों को शिपमेंट - पूर्व और शिपमेंट पश्चात वित्त प्रदान करने में शामिल बैंकों के जोखिम को कवर करने के लिए बैंकों हेतु निर्यात् ऋण बीमा कवर (ईसीआईबी) ।

III. ईसीजीसी मध्यम और दीर्घावधि निर्यातों (एमएलटी), जिन्हें अन्यथा परियोजना निर्यात कहा जाता है जोकि 360 दिनों की ऋण अवधि से अधिक पर किए जाते हैं, को प्रोत्सहित करने के लिए नीति और ईसीआईबी कवर भी देती है ।

(ग) जी हॉ ।

(घ) सरकार ने हाल ही में ईसीजीसी की मौजूदा अन्डरराइटिंग क्षमता में तेजी लाने के लिए इसके पूंजीगत आधार को बढ़ाने हेतु वित्त वर्ष 2017 -2018 से वित्त वर्ष 2019 -20 के दौरान इसमें 2000 करोड़ रूपये के पूंजी निवेश को अनुमोदित किया है । इसके अतिरिक्त, इससे भारत के अफ्रीका, सीआईएस और लैटिन अमेरिका देशों जैसी उभरती बाजारों में भारत का निर्यात बढ़ाने में सहायता मिलेगी ।

*****

भारत सरकार **लोक सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 1868**

दिनांक 3 जुलाई, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए

मुक्त व्यापार तथा भांडागार क्षेत्र

1868. श्री विनसेंट एच॰ पालाः
क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत में मुक्त व्यापार तथा भांडागार क्षेत्र (एफटीडब्ल्यूएच) की कुल संख्या कितनी है तथा प्रत्येक केन्द्र की अवस्थिति एवं वस्तु स्थिति क्या है;
(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान सरकार तथा निजी पार्टियों द्वारा निवेश की गई राशि का ब्यौरा क्या है;
(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान सृजित राजस्व की राशि का ब्यौरा क्या है; और
(घ) भविष्य में कितने नए एफटीडब्ल्यूएच क्षेत्र, यदि कोई हों, विकसित करने का विचार है तथा इनके लिए कितनी राशि का प्रावधन किया गया है?

उत्तर
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क): भारत में 8 अनुमोदित मुक्त व्यापार और भांडागार क्षेत्र (एफटीडब्ल्यूजेड) हैं । 8 एफटीडब्ल्यूजेड में से 4 को अधिसूचित किया गया है और 3 प्रचालनशील है । भारत में इन एफटीडब्ल्यूजेड के ब्यौरे दर्शाने वाला विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख) और (ग) : इन एफटीडब्ल्यूजेड में केन्द्रीय सरकार द्वारा कोई निवेश नहीं किया गया है । विगत पांच वर्षों के दौरान एफटीडब्ल्यूजेड में निजी विकासकों/उप - विकासकों द्वारा 3,315.81 करोड़ रूपए की कुल राशि निवेश की गई है । इसके अतिरिक्त, विगत पांच वर्षों के दौरान इन एफटीडब्ल्यूजेड द्वारा 13,051.19 करोड़ रूपए का राजस्व सृजित किया गया है ।

(घ): नई एफटीडब्ल्यूजेड (एसईजेड) की स्थापना करना मुख्य रूप से निजी निवेश से प्रेरित है ।

*****

अनुबंध

भारत में मुक्त व्यापार और भाण्डारगार क्षेत्र (एफटीडब्लूयजेडएस) एसईजेड का ब्योरा				
क्र सं	**विकासक का नाम**	**स्थान**	**क्षेत्र हेक्टेयर**	**एसईजेड की स्थिति**
1	अर्शिया इंटरनेशनल लिमिटेड	तालुका पनवेल, जिला रायगढ़, महाराष्ट्र	57.898	अधिसूचित / प्रचालनशील
2	जे. मैटाडे फ्री ट्रेड ज़ोन प्राइवेट लिमिटेड	श्रीपेरुमबुदुर तालुक, कांचीपुरम जिला, तमिलनाडु	40	अधिसूचित / प्रचालनशील
3	अर्शिया नॉर्दन एफटीडब्लूयजेड लिमिटेड	मौजपुर, बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश	51.4394	अधिसूचित / प्रचालनशील
4	अर्शिया इंटरनेशनल लिमिटेड	तालुका और जिला नागपुर, महाराष्ट्र	43.26	अधिसूचित
5	लेपाक्षी नॉलेज हब प्राइवेट लिमिटेड	चिल्ल्मातुरु मंडल, अनंतपुर जिला, आंध्र प्रदेश	40	औपचारिक स्वीकृति
6	आईएसपीआरएल एफटीडब्लूयजेड पादुर (भारतीय स्ट्रेटजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड)	पादुर, कर्नाटक	41.20	औपचारिक स्वीकृति
7	कोचीन पोर्ट ट्रस्ट	थोप्पुम्पदी रामसाराम ग्राम , कोचीन, केरल	40.85	औपचारिक स्वीकृति
8	वेंकटेश कोक एंड पावर लि।	पोंनेरी तालुक, थिरुवलुर जिला, तमिलनाडु	46.71	औपचारिक स्वीकृति

*****

भारत सरकार **लोक सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 1849**

<u>दिनांक 3 जुलाई, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए</u>

चावल का आयात/निर्यात

1849. श्री संजय हरिभाऊ जाधवः
श्री कृपाल बालाजी तुमानेः
क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान निर्यातित और आयातित चावल की मात्रा और मूल्य देश–वार और किस्म–वार क्या है;
(ख) क्या उक्त अवधि के दौरान बासमती चावल के निर्यात में गिरावट दर्ज की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या ईरान सहित कुछ देशों ने भारत से बासमती चावल के आयात पर प्रतिबंध लगाया है जिसके कारण उक्त अवधि के दौरान चावल के निर्यात में गिरावट दर्ज की गई है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है;
(ङ) सरकार द्वारा उक्त प्रतिबंध की समीक्षा के लिए क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं; और
(च) सरकार द्वारा देश में चावल विशेषकर बासमती चावल के निर्यात को बढावा देने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं या उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

(श्री पीयूष गोयल)

(क) पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान निर्यात और आयात किए गए चावल की देश- वार और किस्म-वार (बासमती और गैर-बासमती) मात्रा और मूल्य, अनुबंध- I पर है

(ख) बासमती चावल का निर्यात वर्ष 2016-17 में 3208.60 मिलियन अमरीकी डालर से बढ़कर 2018-19 में 4712.44 मिलियन अमरीकी डालर हो गया है।

(ग) किसी भी देश ने भारत से बासमती चावल के आयात पर प्रतिबंध नहीं लगाया है

(घ) और (ङ) उपरोक्त (ग) के उत्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता है।

(च) बासमती चावल जैसे कृषि उत्पादों के निर्यात का संवर्धन करना एक सतत प्रक्रिया है। वाणिज्य विभाग के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक स्वायत्त संगठन, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा), को बासमती चावल सहित चावल के निर्यात को बढ़ावा देने का अधिदेश है। एपीडा फरवरी 2016 में बासमती चावल को भौगोलिक संकेत (जीआई) के रूप में पंजीकृत करने में सक्षम रहा है। एपीडा ने, व्यापार के सहयोग से, बासमती निर्यात विकास फाउंडेशन (बीईडीएफ) भी स्थापित किया है, जो बासमती चावल के विकास और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ करता है। । इसके अलावा, एपीडा अपनी निर्यात प्रोत्साहन योजना के विभिन्न घटकों के तहत बासमती चावल के निर्यातकों को सहायता भी प्रदान कर रहा है।

अनुबंध -I

बासमती चावल का निर्यात

मात्रा मी.ट. में ; मूल्य मिलियन अम. डा. में

देश	2016-17		2017-18		2018-19		2019-20 (अप्रैल - मई)	
	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
ईरान	716582	564.28	877420	904.73	1483697	1556.17	333079	364.09
सउदी अरब	809344	671.08	792480	829.61	867741	938.91	171738	183.22
इराक	453741	337.32	429965	435.52	385732	399.43	56760	56.95
संयुक्त अरब अमीरात	614659	467.66	429324	437.66	282375	297.62	35131	39.50
यमन गणराज्य	130652	103.28	167687	161.04	201926	209.95	41352	43.06
कुवैत	162674	149.37	166873	177.91	154745	177.11	31275	32.57
अमेरिका	108992	112.17	126792	149.01	135605	168.74	25135	31.30
यूके	150537	101.55	180509	159.17	111924	106.08	14349	13.94
ओमान	83151	75.48	78085	89.64	87832	96.61	13771	15.63
कतर	81961	72.47	81101	82.08	73569	76.08	18126	18.26
अन्य देश	672917	553.92	726611	743.19	629459	685.75	123312	133.68
कुल	**3985210**	**3208.60**	**4056847**	**4169.56**	**4414605**	**4712.44**	**864028**	**932.20**

गैर-बासमती चावल का निर्यात

मात्रा मी.ट. में ; मूल्य मिलियन अम. डा. में

देश	2016-17		2017-18		2018-19		2019-20 (अप्रैल - मई)	
	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
नेपाल	583737	209.73	624860	240.40	770118	281.14	88905	36.00
बेनिन	702183	251.87	778779	314.19	699005	264.16	73372	27.33
बंगलादेश जन. गण	82689	29.67	2037980	835.39	480566	221.90	2550	2.28
सेनेगल	676060	189.68	833059	263.22	720475	220.83	11242	4.20
गिनी	541573	182.44	461978	173.81	467693	175.93	56369	21.04
कोट डी आइवरी	375024	124.14	398490	148.95	438089	163.17	61277	22.92
संयुक्त अरब अमीरात	260223	133.71	273773	149.21	291579	147.69	27197	14.23
सोमालिया	354677	121.66	328257	125.38	326919	120.89	64678	23.68
इंडोनेशिया	52214	18.51	39033	14.27	326005	119.22	0	0.00
लाइबेरिया	252381	90.97	264154	100.20	301112	116.97	380	0.13
अन्य देश	2890072	1172.80	2778170	1271.57	2778188	1208.32	325867	142.01
कुल	**6770833**	**2525.19**	**8818533**	**3636.60**	**7599749**	**3040.22**	**711837**	**293.82**

गैर-बासमती चावल का आयात

मात्रा मी.ट. ; मूल्य अम. डा. में

देश	2016-17		2017-18		2018-19		2019-20 (अप्रैल - मई)	
	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
सूडान	0	0.00	0	0.00	3316	1568803.00	0	0.00
थाईलैंड	402	346701.00	508	483312.00	685	834602.00	170	204854.00
स्पेन	193	171059.00	575	469638.00	576	486171.00	225	184778.00
अमेरिका	356	356427.00	269	270738.00	430	468700.00	169	192146.00
इटली	139	175164.00	239	359123.00	220	223463.00	2	2675.00
अन्य देश	54	30952.00	531	309336.00	1644	979216.00	199	122077.00
कुल	**1144**	**1080303.00**	**2122**	**1892147.00**	**6871**	**4560955.00**	**765**	**706530.00**

<u>बासमती चावल का कोई आयात नहीं किया गया</u>

स्रोत: डीजीसीआईएण्डएस

भारत सरकार **लोक सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 1835**

<u>दिनांक 3 जुलाई, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए</u>

शीतागार और भांडागार अवसंरचना सुविधाएं

1835. डॉ॰ भारती प्रवीण पवारः
क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार उत्तर महाराष्ट्र में शीतागार और भांडागार अवसंरचना सुविधाओं को सुदृढ करने की योजना बना रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) इस प्रयोजनार्थ स्वीकृत की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग) जी हां, सरकार की उत्तर महाराष्ट्र सहित देश में शीतागार और भांडागार अवसंरचना सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए अनेक योजनाएं हैं।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के घटकों में से एक के रूप में एकीकृत कोल्ड चैन और मूल्यवर्धन अवसरंचना स्कीम लागू कर रही है जिसका उद्देश्य बागवानी और गैर बागवानी उत्पादों के फसल कटाई के पश्चात हानियों को रोकना और कृषकों को उनके उत्पाद के लिए लाभकारी कीमत प्रदान कराना है । इस स्कीम के अंतर्गत, महाराष्ट्र के लिए 67 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 33 परियोजनाओं को पूरा कर लिया गया है तथा 34 परियोजनानाएं क्रियान्वयनाधीन हैं । इन परियोजनाओं के लिए 481.64 करोड़ रुपये की कुल राशि की मंजूरी दी गई है जिसमें में 277.11 करोड़ रुपये जारी कर दिये गये है।

कृषि, सहकारिता एवं कृषक कल्याण विभाग, महाराष्ट्र सहित देश में बागवानी के विकास के लिए एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) लागू कर रहा है जिसमें अन्य बातों के साथ - साथ, शीतागार सहित फसल - पश्चात प्रबंधन (पीएचएम) की स्थापना करने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध है । एमआईडीएच के आरंभ (2014 -15) से महाराष्ट्र में 21 शीतागारों के लिए 2123.50 लाख रूपए की राशि को अनुमोदित किया गया है ।

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) (एफसीआई) के पास (दिनांक 28.06.2019 की स्थिति के अनुसार) उत्तर महाराष्ट्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण हेतु खाद्यान्नों के केंद्रीय पूल स्टॉक में कुल 4,51,703 एमटी की भण्डारण क्षमता है ।

****

भारत सरकार **लोक सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 1822**

दिनांक 3 जुलाई, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए

विशेष आर्थिक जोन

1822. श्रीमती मीनाक्षी लेखीः
क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र–वार स्थापित विशेष आर्थिक जोनों (एसईजेड) का ब्यौरा और संख्या कितनी है;
(ख) क्या कृषि कार्यकलापों को बढावा देने के लिए एसईजेड की स्थापना की गई है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हो?

उत्तर
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क): एसईजेड अधिनियम, 2005 के अधिनियमित होने से पूर्व केन्द्रीय सरकार के सात विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) और 12 राज्य / निजी क्षेत्रों के विशेष आर्थिक क्षेत्र थे । इसके अतिरिक्त, देश में एसईजेड की स्थापना करने के लिए एसईजेड अधिनियम, 2005 के तहत 416 प्रस्तावों को औपचारिक अनुमोदन दिया गया । वर्तमान में, 3 51 एसईजेड अधिसूचित हैं , जिनमें से 232 एसईजेड प्रचालनशील है । राज्य / संघ राज्य वार एसईजेड का ब्यौरा **अनुबंध- I** में दिया गया है ।

(ख) से (घ): जी हां । 7 विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) को भारत में कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण के लिए अनुमोदन दिया गया है । इन 7 विशेष आर्थिक क्षेत्रों में से 6 को अधिसूचित किया गया है और 3 एसईजेड प्रचालनशील है । भारत में कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित एसईजेड का ब्यौरा दर्शाने वाला विवरण **अनुबंध -II** पर है।

*****

अनुबंध - I

अनुमोदित एसईजेड का राज्य / केंद्र शासित प्रदेश-वार वितरण					
राज्य / संघशासित प्रदेश	एसईजेड अधिनियम, 2005 के अधिनियमन से पहले स्थापित केन्द्रीय सरकार के एसईजेड	एसईजेड अधिनियम, 2005 के अधिनियमन से पहले स्थापित किए गए राज्य सरकार / निजी क्षेत्र के एसईजेड	एसईजेड अधिनियम, 2005 के तहत दिया गया औपचारिक अनुमोदन	एसईजेड अधिनियम, 2005 के तहत अधिसूचित एसईजेड	कुल प्रचालनरत एसईजेड (एसईजेड अधिनियम से पहले + एसईजेड अधिनियम के तहत सेज सहित)
आंध्र प्रदेश	1	0	32	27	19
चंडीगढ़	0	0	2	2	2
छत्तीसगढ़	0	0	2	1	1
दिल्ली	0	0	2	0	0
गोवा	0	0	7	3	0
गुजरात	1	2	28	24	20
हरियाणा	0	0	24	21	6
झारखंड	0	0	1	1	0
कर्नाटक	0	0	62	51	31
केरल	1	0	29	25	19
मध्य प्रदेश	0	1	10	5	5
महाराष्ट्र	1	0	49	43	30
मणिपुर	0	0	1	1	0
नागालैंड	0	0	2	2	0
ओडिशा	0	0	7	5	5
पुडुचेरी	0	0	1	0	0
पंजाब	0	0	5	3	3
राजस्थान	0	2	5	4	3
तमिलनाडु	1	4	53	50	40
तेलंगाना	0	0	63	57	29
उत्तर प्रदेश	1	1	24	21	12
पश्चिम बंगाल	1	2	7	5	7
कुल योग	**7**	**12**	**416**	**351**	**232**

*****

अनुबंध -II

भारत में कृषि और खाद्य प्रसंस्करण एसईजेड की सूची				
क्र. सं.	**विकासक का नाम**	**एसईजेड का प्रकार**	**स्थान**	**एसईजेड की स्थिति**
1	केरल औद्योगिक इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास निगम (केआईएनएफआरए)	कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण	मलप्पुरम जिला, केरल	अधिसूचित / प्रचालनशील
2	पैरी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड	खाद्य प्रसंस्करण	काकीनाडा, आंध्र प्रदेश	अधिसूचित / प्रचालनशील
3	पर्ल सिटी (सीसीसीएल इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड)	खाद्य प्रसंस्करण	तूतीकोरिन जिला, तमिलनाडु	अधिसूचित / प्रचालनशील
4	नागालैंड औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड	कृषि और खाद्य प्रसंस्करण	दीमापुर, नागालैंड	अधिसूचित
5	अंसल कलर्स इंजीनियरिंग एसईजेड लिमिटेड	कृषि और खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद	सोनीपत, हरियाणा	अधिसूचित
6	सीसीएल उत्पाद (इंडिया) लिमिटेड	कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण	चित्तूर जिला, आंध्र प्रदेश	अधिसूचित
7	अक्षयपात्र इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा. लिमिटेड	खाद्य प्रसंस्करण	मेहसाणा, गुजरात	औपचारिक अनुमोदन

*****

भारत सरकार **लोक सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 1808**

दिनांक 3 जुलाई, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए

तमिलनाडु में विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) की स्थापना

1808. डॉ॰ टी॰आर॰ पारिवेन्धरः
क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का तमिलनाडु के पेरम्बलुर जिले में विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) की स्थापना का विचार है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस एसईजेड को कब तक स्थापित और चालू किया जाएगा;
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(घ) सरकार द्वारा देश में गत तीन वर्षों के दौरान राज्य–वार कुल कितने विशेष आर्थिक क्षेत्रों की स्थापना की गई है?

उत्तर
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ) : जी, नहीं, तमिलनाडु के पेराम्बलूर जिले में एक विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) की स्थापना का कोई प्रस्ताव नहीं है । विशेष आर्थिक क्षेत्र की स्थापना मुख्यत: निजी निवेशोन्मुख है । केन्द्रीय सरकार ने पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में किसी एसईजेड की स्थापना नहीं की है ।

******